फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी मुकाम हनुमानगढ।

अनिल कुमार **बनाम** **तहसीलदार राजस्व हनुमानगढ**

किस्म मुकदमाः–प्रार्थना–पत्र 136 एलआरएक्ट नम्बर/ 42 सन

तारीख हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इमिशियल्स जज	नम्बर व ता... अहकाम इस हुकम तामील में ... हुए
20.2.2019	प्रार्थी श्री अनिल कुमार पुत्र श्री लालचन्द जाति नायक निवासी धोलीपाल तहसील व जिला हनुमानगढ प्रार्थना पत्र इस आश्य का पेश किया कि प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड जमाबंदी चक 11 डी एल पी खाता संख्या 10/8 कुल तादादी 3.794 हैक्टर में 1/2 हिस्सा में 1/5 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकार्ड है। प्रार्थी को उक्त कृषि भूमि अपने पिता के देहान्त होने के उपरान्त विरास्तन प्राप्त हुई है जिसमें प्रार्थी का नाम सलीन लिखा गया जबकि प्रार्थी का नाम अनिल कुमार है जो संशोधित कर सलीन के स्थान पर अनिल कुमार अंकित किया जावे। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार भू.अ. हनुमानगढ की रिपोर्ट पेश होने पर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर 136 एल आर एक्ट के तहत किया गया व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात सरपंच ग्राम पंचायत धोलीपाल प.स. हनुमानगढ जिसमें प्रार्थी का सलीन उर्फ अनिल कुमार पुत्र लालचन्द एक ही व्यक्ति बताया गया है। निर्वाचन विभाग के पहचान पत्र में भी प्रार्थी का नाम अनिल कुमार अंकित है तथा आधार कार्ड, राशनकार्ड, बैंक पास में भी प्रार्थी का नाम अनिल कुमार अंकित है। तहसीलदार भू.अ. हनुमानगढ के पत्र कमांक 279 दिनांक 31.1.2019 रिपोर्ट में भी प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अनुसार सलीन उर्फ अनिल कुमार दुरूस्ती किया जाना उचित बताया है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र 136 एल आर एक्ट स्वीकार किया जाकर तहसीलदार भू.अ. हनुमानगढ को आदेशित किया जाता है कि वर्तमान राजस्व रिकार्ड जमाबंदी चक 11 डी एल पी	

Web Copy Not Official

खाता संख्
प्रार्थी का
नाम सलीन
जावे। तह
जारी हो।
जावे।

Scanned by CamScanner

खाता संख्या 10/8 पटवार हल्का धोलीपाल संयुक्त खाता में प्रार्थी का नाम सलीन पुत्र लालचन्द के स्थान पर संशोधित नाम सलीन उर्फ अनिल कुमार पुत्र लालचन्द अंकित किया जावे। तहसीलदार भू.अ. हनुमानगढ को इस आशय का पत्र जारी हो। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर की जावे।

आदेश सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी
हनुमानगढ

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Scanned by CamScanner